तापमान
अधिकतम 32.7 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार 2 मार्च 2026

10 होली उत्सव आज से प्रारंभ, खरीदारी को लेकर गुलजार हुए बाजार



10 गो सेवा से सशक्त होगी समाज की एकता : शर्मा



## सितंबर 2025 में परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले निरक्षरों के प्रमाण पत्र कार्यालय भेजे

# उल्लास योजना : होली के बाद 8,950 निरक्षरों को मिलेगा शिक्षा का प्रमाण

1 जिले के सभी ब्लॉक में 380 केंद्रों पर 9002 निरक्षरों ने परीक्षा में लिया था भाग

2 1700 निरक्षर नहीं दे पाए थे पेपर, आगामी पंजीकृत निरीक्षरों की 15 मार्च को होगी परीक्षा

3 मूल्यांकन के बाद जिला शिक्षा विभाग ने मुख्यालय भेजी गई थी उत्तीर्ण निरक्षरों की सूची

रविंद्र ठाकुर ▶▶| सोनीपत

जिले में उल्लास योजना के तहत सितंबर 2025 में परीक्षा देकर उत्तीर्ण होने वाले 8950 निरक्षरों को होली पर्व के बाद प्रमाण पत्र मुहैया करवाए जाएंगे। शिक्षा विभाग की ओर से जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय में प्रमाण पत्र भेज दिए गए हैं। इससे पहले विभाग ने अक्तूबर 2025 में इन निरक्षकों की सूची तैयार कर मुख्यालय भेजी थी। मुख्यालय ने निरक्षरों के प्रमाण पत्र जारी कर दिए हैं। सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्य से प्रदेशभर में चलाई जा रही उल्लास योजना के तहत सोनीपत में सितंबर 2025 की परीक्षा के लिए 10702 निरक्षरों ने पंजीकरण करवाया था। जो सितंबर में हुई परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने वाले या फेल हो गए थे उन्हे 15 मार्च को पुनः परीक्षा देने का अवसर मिलेगा।



सोनीपत। पंजीकृत निरक्षरों को पढ़ाती शिक्षा विभाग की स्वयंसेवक।

### पास-फेल निरक्षरों की सूची

| ब्लॉक | परीक्षार्थी | पास | फेल |
|---|---|---|---|
| सोनीपत | 2370 | 2365 | 05 |
| खरखौदा | 1038 | 1026 | 12 |
| राई | 1067 | 1043 | 24 |
| गन्नौर | 1420 | 1419 | 01 |
| गोहाना | 1614 | 1612 | 02 |
| कथूरा | 616 | 614 | 02 |
| मुंडलाना | 877 | 877 | 00 |
| कुल - | 9002 | 8956 | 46 |

### इसी सप्ताह से विरतण करने का लिया निर्णय

नेशनल ओपन स्कूल की ओर से जिले के सभी सात ब्लॉक में 380 केंद्रों बनाए थे। इन केंद्रों पर 28 सितंबर 2025 को कुल 10702 में से 9002 निरक्षरों ने परीक्षा में भाग लिया था। 1700 निरक्षर निजी कार्यों के चलते परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे। परीक्षा का मूल्यांकन करने के बाद शिक्षा विभाग ने उत्तीर्ण निरक्षरों की सूची तैयार कर मुख्यालय भेजी गई थी। अधिकारियों के अनुसार सितंबर माह में जिले के सभी ब्लॉक में कुल 8950 निरक्षरों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जबकि 46 निरक्षर परीक्षा पास नहीं कर पाए थे। खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों को प्रमाण पत्र जारी करने के बाद विभाग ने निरक्षरों को इसी सप्ताह से इन्हें वितरित किए जाने का निर्णय लिया है।

### वर्ष 2027 तक मिटाना है अनपढ़ता का कलंक

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 से 5 साल की अवधि के लिए न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम के तहत उल्लास नामक केंद्र प्रायोजित योजना शुरू की थी। योजना का प्राथमिक उद्देश्य 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को शिक्षा का ज्ञान देकर उन्हें सशक्त बनाना है, जो किसी कारणवश शिक्षित नहीं हो सके। प्रदेश में ऐसे कुल 9 लाख व सोनीपत में 44540 निरक्षरों को वर्ष 2027 तक शिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे लोगों को शिक्षा का ज्ञान देकर पढ़ने-लिखने, हस्ताक्षर करने में निपुण बनाना है। शिक्षित होने वाले निरक्षरों के लिए परीक्षा का प्रावधान भी रखा गया है, ताकि उनके अक्षर ज्ञान का मूल्यांकन किया जा सके।

### वंचित निरक्षर दोबारा दे सकेंगे परीक्षा

उल्लास योजना के तहत सितंबर 2025 में परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले निरक्षरों को होली पर्व के बाद प्रमाण पत्र मुहैया करवाए जाएंगे। सभी निरक्षरों के प्रमाण पत्र जिले के सभी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेज दिए गए हैं। वहीं परीक्षा से वंचित या फेल हुए प्रतिभागी 15 मार्च को होने वाली परीक्षा में अन्य पंजीकृत प्रतिभागियों के साथ भाग ले सकेंगे। योजना का उद्देश्य हर निरक्षर को शब्दों का ज्ञान देकर उन्हें शिक्षित की श्रेणी में शामिल करना है।

-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

## खबर संक्षेप

### कोर्ट में गवाही के बाद हलवाई से की मारपीट

**गोहाना।** गांव गढ़ी उजाले खां के हलवाई से कोर्ट में गवाही के बाद मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपित उसे बहाने से बाइक पर बैठाकर लेकर गए। शहर थाना गोहाना में केस दर्ज किया गया। अमित ने पुलिस को बताया कि वह हलवाई का काम करता है और कोर्ट में गवाही देकर बाहर निकला तो पड़ोसी भरतरी ने उसे घर छोडऩे के बहाने बाइक पर बैठा लिया। उनके साथ सोनू उर्फ अलबादी भी था।

### युवक पर डंडों से हमला एक और आरोपित काबू

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव बाघडू में युवक पर डंडों से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान शुभम निवासी गांव बाघडू जिला सोनीपत के रूप में हुई है।

मामले में 1 जुलाई 2025 को रवि पुत्र शमशेर ने शिकायत दी थी कि 29 जून को उसका भाई नाने के ढाबा पर दोस्तों के साथ खाना खाने गया था। इसी दौरान कश्मीर और उसके साथियों ने उसके भाई से झगड़ा किया और रास्ता रोककर डंडों, लात-घूंसों से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं।

### बस से उतरते ही बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर

**गोहाना।** खरखौदा-गोहाना मार्ग स्थित गांव भैंसवाल कलां में बस से उतरते ही बाइक ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उनको अस्पताल पहुंचाया, जहां पर मृत घोषित कर दिए। सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

गांव भठगांव के कपिल ने बताया कि उसे दादा राजेंद्र सिंह अपनी बहन के घर गांव गुढ़ा जा रहे थे। वे भैंसवाल कलां गांव में बस स्टैंड पर बस से उतरकर रोड को पार करने लगे तो एक युवक तेज रफ्तार और लापरवाही में बाइक चलाते हुए आया और उनको सीधी टक्कर मार दी। कपिल के अनुसार बाइक को गोहाना का पप्पू चला रहा था। हादसे के बाद राहगीरों ने उनको नागरिक अस्पताल गोहाना पहुंचाया, जहां से उन्हें बीपीएस राजकीय महिल मेडिकल कालेज के अस्पताल और वहां से पीजीआइएमएस रोहतक रेफर किया गया।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संघ परिचय आयोजित

**खरखौदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खरखौदा खंड में आयोजित संघ परिचय वर्ग अत्यंत उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह डॉ. सतीश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, युवा एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं ध्वज वंदन के साथ की गई। इसके पश्चात संघ के इतिहास, स्थापना के उद्देश्य तथा कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

## व्हाट्सएप हैक कर भेजा संदेश ठग लिए 76.20 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



साइबर ठगों ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी का व्हाट्सएप हैक कर संदेश भेजकर 76.20 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने कंपनी की लेखाकार (अकाउंटेंट) के पास वरिष्ठ अधिकारी का व्हाट्सएप हैक कर मैसेज भेजा था। पीड़िता के बयान पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

राई क्षेत्र स्थित रेजिडेंसी निवासी मीना ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि वह कुंडली स्थित एक कंपनी में लेखाकार के पद पर कार्यरत हैं। उनके पास कंपनी की तरफ से मोबाइल सिम दिया गया है, जिससे वह ऑफिस का कार्य करती हैं। 25 फरवरी को उनके मोबाइल पर वरिष्ठ अधिकारी के नाम से सुरक्षित (सेव) किए गए व्हाट्सएप नंबर से तत्काल रुपये भेजने का संदेश मिला था। वरिष्ठ अधिकारी का संदेश समझकर उन्होंने बताए गए खाते में 76.20 लाख रुपये भेज दिए। बाद में पता लगा कि व्हाट्सएप को अज्ञात व्यक्ति ने हैक कर मोबाइल नंबर को उसमें बदल दिया था। बदले हुए व्हाट्सएप नंबर से संदेश भेजा गया था।

## युवक ने साले पर चाकू से हमला कर घायल करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



शहर मॉडल टाउन स्थित अपनी ससुराल में पत्नी को ले जाने के लिए आए एक युवक पर उसके साले ने चाकू से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि इस दौरान युवक की मां व भाभी के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद परिजन घायल युवक को लेकर इलाज के लिए नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को छुट्टी दे दी। युवक ने मामले की शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस को दी। खरखौदा निवासी शाहरुख ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी 18 फरवरी को अपने मायके सोनीपत के मॉडल टाउन आई थी। इसके बाद उसकी पत्नी ने फोन कर उसे ससुराल आने के लिए कहा। वह शनिवार शाम को अपनी ससुराल पहुंचा और पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए।

## नौकरी के नाम पर लाखों रुपये ऐंठे दुष्कर्म कर ब्लैकमेल किया, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर की रहने वाली एक विधवा महिला ने एक युवक पर अपने पुलिसकर्मी भाई के साथ मिलकर नौकरी के नाम पर रुपये और आभूषण ऐंठने और दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने के आरोप लगाए है। पीड़िता को पुलिस विभाग में ही नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया था। पीड़िता द्वारा मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त कार्यालय को देने के बाद पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस ने जांच की शुरू

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि गांव निजामपुर के रहने वाले एक युवक ने उसे उसे बताया कि विधवा महिलाओं को सरकार की ओर से सहायता राशि मिलती है और वह उसकी गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र बनवा सकता है। इस प्रक्रिया के नाम पर उससे 10 हजार रुपये ले लिए गए। कुछ समय बाद युवक ने महिला को पुलिस थाने में नौकरी दिलाने का लालच दिया। उसने दावा किया कि उसका भाई हरियाणा पुलिस में कार्यरत है और अधिकारियों से सीधा संपर्क है। नौकरी लगते ही 35 हजार रुपये मासिक वेतन मिलने की बात कही गई और इसके बदले चार लाख रुपये मांगे गए, जिसके बाद उसने एफडी तुड़वा कर उसके दो लाख रुपये की राशि दी। पीड़िता का आरोप है कि पैसे निकालने के बाद आरोपित उसे मामा भांजा स्थित एक होटल में ले गया और जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। होश खोने की स्थिति में उसके साथ जबरदस्ती की गई। आरोपी उसे रुपये ऐंठता रहा। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सोमबीर और संजू के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### गूढ़ मंदिर का भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह संपन्न

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित गुप्तिधाम में रविवार को प्रस्तावित गूढ़ मंदिर के निर्माण हेतु भव्य भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह श्रद्धा और विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम उपाध्याय 108 डा. गुप्तिसागर महाराज के पावन सानिध्य तथा रंजना शास्त्री के निर्देशन में आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिलान्यास होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बन गया। इस अवसर पर गुप्तिसागर महाराज ने बताया कि मंदिर में गुप्त रचनाएं, आध्यात्मिक प्रतीक और विशेष संरचनाएं होंगी। मंदिर को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह सामान्य दिनों में बंद रहेगा और केवल विशेष अवसरों पर ही श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा।

## आधी रात छोटे हाथी में लगी आग आठ डीप फ्रीज जलकर हुए राख

- सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध युवक नजर आए, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विकास नगर में शुक्रवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब गली नंबर 4 में खड़े एक छोटा हाथी (टेंपो) में अज्ञात युवकों ने आग लगा दी। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में वाहन और उसमें लोड किए गए आठ डीप फ्रीज पूरी तरह जलकर राख हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और पीड़ित परिवार सदमे में है।

### आरोपियों की तलाश जारी

पीड़ित संजीव ने बताया कि 26 फरवरी को वह कालूपुर चुंगी स्थित सेठी इलेक्ट्रॉनिक्स के गोदाम से चार छोटे और चार बड़े कुल आठ डीप फ्रीज लोड कर गोहाना स्थित रामा इलेक्ट्रॉनिक्स में डिलीवरी के लिए जा रहा था। देर रात होने के कारण उसने अपना छोटा हाथी सुपरो महिंद्रा घर के बाहर खड़ा कर दिया। रात करीब 12:30 बजे गली से पटाखों जैसी आवाज सुनाई दी। बाहर निकलकर देखा तो वाहन आग की लपटों में घिरा हुआ था। परिवार और पड़ोसियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था। सीसीटीवी फुटेज में एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक आते-जाते दिखाई दिए, जिनकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। थाना शहर सोनीपत में शिकायत दी गई, जिस पर पुलिस ने धारा 326(एफ) और 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश जारी है।

## सोनीपत मार्ग पर संत कबीर दास द्वार का ढांचा तैयार

*संत दुर्बलनाथ और पंचनद पंजाबी द्वार का निर्माण कार्य प्रगति पर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सोनीपत मार्ग पर संत कबीर दास द्वार का मुख्य ढांचा बनकर तैयार हो गया है। शहर में संत दुर्बलनाथ और पंचनद पंजाबी द्वार का निर्माण कार्य भीप्रगति पर है। रविवार को नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी और उनके पति एवं पंजाबी महासभा गोहाना के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी संत कबीरदास द्वार के ढांचे का अवलोकन करने पहुंचे।



नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि संतों के द्वार गोहाना के गौरव और प्रेरणा का प्रतीक बनेंगे। संत शिरोमणि कबीर दास द्वार उनकी अमर वाणी और समरसता के संदेश को समर्पित है। गोहाना को संतों की नगरी के रूप में नई पहचान मिल रही है। क्षेत्र निरंतर आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान की ओर अग्रसर है।

## कर्ज माफी व किसान सुरक्षा की मांग

*खरखौदा पहुंची किसान जागृति यात्रा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कन्याकुमारी से शुरू हुई किसान जागृति यात्रा बीती रात खरखौदा अनाज मंडी पहुंची। यहां रात्रि ठहराव के बाद रविवार सुबह यात्रा जींद के लिए रवाना हो गई। यह यात्रा 7 फरवरी को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी और 12 मार्च को कश्मीर पहुंचकर समाप्त होगी। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने यहां कहा कि देश का किसान लगातार कर्ज के दलदल में फंसता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी मान चुका है कि करीब चार लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। ऐसे



**खरखौदा।** अनाज मंडी में पहुंचे किसान जागृति यात्रा के सदस्य

हालातों को सुधारने और किसानों को आत्महत्या जैसी घटनाओं से बाहर निकालने के लिए गंभीर कदम उठाने की जरूरत है। डल्लेवाल ने दावा किया कि देश के किसानों का लगभग 111 लाख करोड़ रुपये एमएसपी से कम खरीद के कारण नुकसान हुआ है, जबकि किसानों पर कुल कर्ज करीब 26 से 28 लाख करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दिलाना बेहद जरूरी है, ताकि कोई भी किसान निर्धारित एमएसपी से कम कीमत पर फसल बेचने को मजबूर न हो।

### प्रमुख मांगें

डॉ. स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार सी 2+50 फार्मूले पर फसलों का भाव देने और किसानों का कर्ज माफ करने की भी मांग उठाई। किसान नेता ने भारत-अमेरिका कृषि डील को रद्द करने की भी मांग की। उनका कहना था कि यदि विदेशी कृषि उत्पाद बिना टैरिफ के भारत में आते हैं और भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाता है तो यह किसानों और देश दोनों के लिए नुकसानदायक होगा। उन्होंने बताया कि यह यात्रा 12 मार्च को कश्मीर पहुंचेगी।



## इजरायल-अमेरिका की कार्रवाई के विरोध में ककरोई रोड पर प्रदर्शन

**सोनीपत।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा इजरायल और अमेरिका की ओर से ईरान पर किए गए हमले के विरोध में शनिवार को ककरोई चौक पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य कामरेड ईश्वर सिंह राठी ने किया, जबकि पुतला दहन डॉ. सत्यपाल रांगी ने किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यह युद्ध साम्राज्यवादी देशों द्वारा तेल भंडार और संसाधनों पर कब्जे की नीयत से थोपा गया है। वक्ताओं ने कहा कि इससे आम जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने इंकलाब जिंदाबाद, अमेरिका-इजरायल गठजोड़ मुर्दाबाद, युद्ध नहीं रोजगार दो और शांति आंदोलन तेज करो जैसे नारे लगाए। कार्यक्रम में नरेंद्र दहिया, बलवीर सैनी, जगबीर सिंह, राज सिंह, सुरेंद्र खेड़ी, प्रताप सिंह, ईश्वर सिंह दहिया, देवेंद्र, अमित, प्रवीन, सेवानंद, अनु, बिमला, बिसंबर, नरेश, बलवान, जयकरण, मुख्तार खान, मास्टर नफे सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## होली पर्व : घरों का रुख करने लगे प्रवासी, यात्री परेशान

# धड़कने बढ़ा रही ट्रेनों में लंबी वेटिंग, बसों में भी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

होली पर्व के चलते दिल्ली-अंबाला रूट पर ट्रेनों के अलावा बसों में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है। रेलवे स्टेशन व बस अड्डा पर यात्रियों की काफी भीड़ नजर आने लगी है। घरों से दूर रहकर व्यापार व नौकरी कर रहे लोग परिवारों के साथ होली उत्सव मनाने के लिए अपने घरों का रुख कर रहे हैं। उधर होली पर्व से पहले ट्रेनों में टिकट वेटिंग का सिलसिला जारी है। ऐसे में होली पर्व पर अपने घरों को लौटने वाले प्रवासियों की परेशानी बढ़ सकती है। हालांकि रेलवे की ओर से विभिन्न रूटों पर होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया है, लेकिन समय पर टिकट आरक्षित करवाने के बावजूद सीट नहीं मिल रही है। उधर बसों में भी भीड़भाड़ का माहौल शुरू हो चुका है।

### खड़े होकर सफर कर रहे यात्री

हरियाणा ही नहीं, पंजाब, उत्तर प्रदेश में भी काफी प्रवासी अपने घरों से दूर रहकर व्यापार या नौकरी कर रहे हैं। यह अधिकतर प्रवासी त्योहारी सीजन में अपने घरों का रूख करते हैं। परिवार के साथ मिलकर ही होली, दिवाली, छठ पूजा जैसे बड़े पर्व मनाते हैं, लेकिन होली पर्व नजदीक आने से ट्रेनों में वेटिंग का आंकड़ा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। होली का पर्व 2 व 4 मार्च को मनाया जाएगा। ऐसे में प्रवासी लोग आने-जाने के लिए अभी से अपने टिकट आरक्षित करवा रहे हैं। दिल्ली-अंबाला रूट पर कई ट्रेनों के परिचालन में देरी होने, बढ़ती भीड़ व टिकट कन्फर्म नहीं होने से कई यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है।



### आरामदायक सफर को लेकर चिंतित

यात्री हरिमोहन, ओमपाल, शुभजीत, नरेश कुमार ने बताया कि बिहार, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र के साथ पंजाब व हिमाचल प्रदेश की ओर जाने वाले यात्रियों टिकट काउंटरों पर लाइन लगने लगी हैं। लोगों को टिकट आरक्षित करवाने के बावजूद कन्फर्म सीट नहीं मिल रही है। उधर बसों में दिल्ली व उत्तर प्रदेश रूट पर यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है। इससे यात्री आरामदायक सफर को लेकर चिंतित हैं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

रेलवे ने ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को लेकर आंकलन किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली-अंबाला रूट पर उत्तर प्रदेश के मऊ जंक्शन से अंबाला कैंट तक 5 से 27 मार्च तक सप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया जा रहा है। अप-डाउन रूट पर ट्रेन सप्ताह में वीरवार व शुक्रवार को एक-एक चक्कर लगाएगी।

-**हिमांशु शेखर** उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, दिल्ली मंडल

होली पर्व को लेकर फिलहाल किसी रूट पर बसों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है। केवल दिल्ली व उत्तर प्रदेश रूट पर यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है, उसी हिसाब से यात्रियों को बसें मुहैया करवाई जा रही है।

-**सुरेंद्र दुग्गल**, एसएस, रोडवेज डिपो, सोनीपत


### जाने...क्या है ट्रेनों में वेटिंग की स्थिति

दिल्ली से कटरा जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग

| ट्रेन और संख्या | वेटिंग |
|---|---|
| 11077 झेलम एक्सप्रेस | 93 |
| 18309 संभलपुर एक्सप्रेस | 29 |
| 12919 मालवा एक्सप्रेस | 46 |
| 12471 स्वराज एक्सप्रेस | 32 |
| 04081 होली स्पेशल ट्रेन | 39 |
| 12445 उत्तर संपर्क क्रांति | 44 |
| 22461 श्रीशक्ति एक्सप्रेस | 103 |
| 22477 वंदे भारत एक्सप्रेस | 127 |
| 12425 जम्मू राजधानी | 103 |

कटरा से दिल्ली आने वाली ट्रेनों में वेटिंग

| ट्रेन और संख्या | वेटिंग |
|---|---|
| 11078 झेलम एक्सप्रेस | 85 |
| 18310 संभलपुर एक्सप्रेस | 132 |
| 12920 मालवा एक्सप्रेस | 72 |
| 12472 स्वराज एक्सप्रेस | 76 |
| 12446 उत्तर संपर्क क्रांति | 68 |
| 12426 जम्मू राजधानी | 63 |
| 22462 श्रीशक्ति एक्सप्रेस | 47 |
| 22478 वंदे भारत एक्सप्रेस | 146 |



## अबीर-गुलाल

अबीर-गुलाल हिंदू परंपरा में होली के त्यौहार और पूजा-पाठ में उपयोग किया जाने वाला एक रंगीन, सुगंधित और सूखा पाउडर है, जो मुख्य रूप से प्राकृतिक चीजों से बनता है। गुलाल आमतौर पर गुलाबी रंग से जुड़ा है, जबकि अबीर सुगंधित पाउडर होता है। इसे होली पर एक-दूसरे पर लगाने और देवताओं को चढ़ाने के लिए उपयोग किया जाता है। परंपरागत रूप से ऑर्गेनिक (100% प्राकृतिक) होता है, हालांकि अब केमिकल वाले विकल्प भी बाजार में हैं।

# फागण के उल्लास का नाम है होली-धुलेंडी

**होलिका दहन की प्रक्रिया जितनी आध्यात्मिक है, उतनी ही लोक-कला और श्रमसाध्य साधना से ओत-प्रोत भी है। फाल्गुन पूर्णिमा की दहकती अग्नि के शीतल होते ही उसकी राख के साथ उल्लास का एक अध्याय शुरू होता है जिसे दुनिया 'धुलंडी' या 'फाग' के नाम से जानती है। फाग केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि एक जीवंत लोक-अनुष्ठान है।**

पर्व

दिनेश शर्मा 'दिनेश'





हरियाणा में होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह वह संधि-काल है जहां सामाजिक जड़ता का अंत होता है और मानवीय रिश्तों की ऊष्मा का नया अध्याय शुरू होता है। यह महापर्व प्रतिवर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा की उस मंगलकारी तिथि को मनाया जाता है, जब चंद्रमा अपनी पूर्ण सोलह कलाओं के साथ आकाश में उदित होकर धरती पर अमृत की वर्षा करता है और प्रकृति अपने बसंती यौवन के चरम पर होती है।

हरियाणवी लोक-जीवन में इस पावन उत्सव के पीछे वह कालजयी पौराणिक कथा छिपी है, जो युगों-युगों से अधर्म पर धर्म की विजय का उद्घोष कर रही है। यह कथा असुरराज हिरण्यकश्यप और उसके परम विष्णु-भक्त पुत्र प्रहलाद की है। हिरण्यकश्यप ने कठिन तपस्या के बल पर ब्रह्मा जी से 'अजेय' होने का ऐसा अनूठा वरदान पा लिया था, जिसने उसे मृत्यु के भय से मुक्त कर दिया था। वरदान के मद में चूर होकर उसने स्वयं को ही 'भगवान' घोषित कर दिया और अपनी प्रजा को विवश किया कि वे केवल उसी की पूजा करें। नियति का विधान देखिए कि उसके अपने ही महल में प्रहलाद के रूप में एक ऐसे पुत्र ने जन्म लिया, जो जन्म से ही 'नारायण-नारायण' की रट लगाए हुए था। प्रहलाद की यह अनन्य भक्ति हिरण्यकश्यप के अहंकार को सीधी चुनौती थी। पिता ने पुत्र के भीतर की इस दैवीय लौ को बुझाने के लिए क्रूरता की सारी सीमाएं पार की। कभी प्रहलाद को ऊंचे पहाड़ों से नीचे गहरी खाइयों में फिंकवाया गया, कभी मतवाले हाथियों के पैरों तले कुचलवाने का प्रयास हुआ तो कभी कालकोठरी में विषधर सर्पों के बीच छोड़ा गया। किंतु हर बार, उस नन्हे बालक की अडिग श्रद्धा और विश्वास के सामने हिरण्यकश्यप के कुटिल प्रहार निष्फल हो गए। अंततः, जब कोई उपाय न सूझा, तो हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका का सहारा लिया। होलिका को यह वरदान प्राप्त था कि वह अग्नि में नहीं जल सकती और उसके पास एक ऐसी चमत्कारी चुनरी थी, जो अग्नि के ताप को सोख लेती थी। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन, जब विशाल चिता सजाई गई और होलिका प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर उस धधकती अग्नि के बीच जा बैठी, तो एक दैवीय चमत्कार हुआ। वह वरदानी चुनरी होलिका के शरीर से उड़कर बालक प्रहलाद पर जा लिपटी। छल और अधर्म की प्रतीक होलिका उसी क्षण भस्म हो गई, जबकि अखंड विश्वास और सत्य के प्रतीक प्रहलाद अग्नि की लपटों के बीच से मुस्कुराते हुए सुरक्षित बाहर आए।

होलिका दहन की प्रक्रिया जितनी आध्यात्मिक है, उतनी ही लोक-कला और श्रमसाध्य साधना से ओत-प्रोत भी है। पूर्णिमा से कई सप्ताह पूर्व ही गांव के हर घर में 'बड़कुले' बनाने का काम एक पर्व की तरह शुरू हो जाता है। घर की महिलाएं और बच्चे गाय के गोबर से छोटे-छोटे छेद वाले गोल उपले, ढाल, तलवार, सूरज, चांद और कंघी के आकार के खिलौने बड़ी श्रद्धा से बनाते हैं। इन्हें 'बड़कुलों' के साथ मूंज की रस्सी में पिरोकर जो माला तैयार की जाती है, वह वास्तव में हरियाणा के 'पशुधन' और 'कृषि' के प्रति गहरी कृतज्ञता की प्रतीक है। पूजा के दिन हाथों में जल का लोटा, रोली, अक्षत, कच्चा सूत, गुड़ और बड़कुलों की माला लेकर गांव की महिलाएं समूह में पारंपरिक 'जकड़ियां' और मंगल गीत गाती हुई होलिका स्थल पर पहुंचती हैं। इन लोकगीतों में भक्त प्रह्लाद की कथा का वर्णन प्रभावित करता है....

*गोदी के अंदर भगत राम राम रह्या टेर*
*जब तै चरचा सुणी थी हर की, राम नाम की लगी लगन*
*समझाया था एक न मानी दरसन की थी लगी लगन*

होली के लोकगीतों में जनसाधारण का ऐतिहासिक ज्ञान और भक्तिभाव भी दिखाई पड़ता है .....

*लिछमन कै बाण लगा रै सक्ती लिछमन कै।*
*ऐसा रै होय कोई बीरा नै जिवाले,*
*आधा राज सवाई धरती, लिछमन कै।*
*कै तो जिवाले सीता रै सतवंती,*
*कै तो जिवाले हनुमान जती, लिछमन कै।*

महिलाएं पूजा करने से पहले कच्चे सूत के धागे से होलिका के सात फेरे लेती हैं, जो सामाजिक और पारिवारिक सुरक्षा कवच के प्रतीक हैं। पूजा के अंत में, वे अपने बनाए हुए 'बड़कुले' उस ढेर पर चढ़ा देती हैं। लोक-मान्यता है कि ये बड़कुले साल भर की 'नजर' और बीमारियों को अपने भीतर सोख लेते हैं और दहन के समय उन्हें सदा के लिए भस्म कर देते हैं। जैसे-जैसे पूर्णिमा की रात गहराती है, हरियाणा की गलियों में हुड़दंग और उल्लास का शोर अपनी सीमाओं को लांघने लगता है। जब गांव के पुरोहित और बड़े-बुजुर्ग शुभ मुहूर्त में अग्नि प्रज्ज्वलित करते हैं, तो पूरा आकाश 'होली मैया की जय' और 'भक्त प्रहलाद की जय' के उद्घोष से गूंज उठता है। इस अग्नि के घेरे में ग्रामीण अपनी नई फसल विशेषकर जौ और गेहूं की अधपकी बालियों को लंबी लकड़ियों में फंसाकर पवित्र ज्वाला में सेंकते हैं, जिसे हरियाणा की ठेठ बोली में 'हौले सेंकना' कहा जाता है। इन भुने हुए दानों को 'प्रसाद' के रूप में एक-दूसरे को बांटना प्रदेश की उस 'साझा संस्कृति' का अनूठा उदाहरण है, जहां अपनी पहली फसल का स्वाद चखने से पहले पूरे गांव का मुंह मीठा कराया जाता है। फाल्गुन पूर्णिमा की दहकती अग्नि के शीतल होते ही उसकी राख के साथ उल्लास का एक अध्याय शुरू होता है जिसे दुनिया 'धुलंडी' या 'फाग' के नाम से जानती है। फाग केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि एक जीवंत लोक-अनुष्ठान है, जहां समाज की ऊंच-नीच, उम्र का फासला और हर प्रकार का संकोच हवाओं में उड़ते गुलाल में मिलकर एकाकार हो जाता है। फाग की सबसे विशेष और रोमांचक पहचान है 'कोरड़ा मार होली'। यह परंपरा देवर और भाभी के उस पवित्र और ठिठोली भरे रिश्ते का चरमोत्कर्ष है, जो हरियाणवी लोक-जीवन की आत्मा है। इस दिन महिलाएं किसी शक्ति-पुंज की तरह उभरती हैं। भाभियां अपने दुपट्टों या कपड़ों को पानी में भिगोकर उससे 'कोरड़ा' बनाती हैं। दूसरी ओर, देवर और गांव के पुरुष रंगों और पानी की बौछारों के साथ उन पर धावा बोलते हैं। यह एक ऐसा दृश्य होता है जहां पौरुष का सामना नारी-शक्ति के उस 'कोरड़े' से होता है, जो प्रेम की मार का प्रतीक है। देवर अपने बचाव के लिए बाल्टियां भर-भर के रंग डालते हैं, लेकिन भाभी के कोरड़े की मार को हंसते-हंसते सहन करना ही उस दिन का सबसे बड़ा पौरुष माना जाता है। कुछ स्थानों पर तो यह उल्लास आनंद की पराकाष्ठा को प्राप्त करता है, जब फाग खेलते समय गोबर, कीचड़ और तेल



का प्रयोग भी धुलेंडी खेलते समय देवर-भाभियों द्वारा किया जाता है, लेकिन मनों में थोड़ा-सा भी दुराव नहीं होता। वास्तव में अगर सालभर में किसी के मन में किसी के प्रति कोई मालिन्य आ भी गया हो तो फाग खेलने के बाद दूर हो जाता है। जैसे-जैसे दोपहर चढ़ती है तो 'फाग' के गीतों की गर्जना आसमान को छूने लगती है। फागण के लोकगीत भी अद्भुत खुशी देते हैं और मस्ती का सृजन करते हैं। यह वह समय है, जब बच्चों और बड़ों के साथ-साथ बुजुर्गों से भी मजाक करते हुए गीत गाए जाते हैं...

*काची अम्बली गदराई सामण मैं*
*बुड्ढी री लुगाई मस्ताई फागण मैं*
*कहियो री उस ससुर मेरे नै बिन घाली लेजा फागण मैं*
*कहियो री उस बहुए म्हारी नै चार बरस डट जावे*

पीहर मैं फागण का मस्ती से भरा लोकगीत देखिए..

*फागण के दिन चार री सजनी, फागण के दिन चार।*
*मध जोबन आया फागण मैं फागण बी आया*
*जोबन मैं झाल उठे सैं मेरे मन मैं*
*जिनका बार न पार री सजनी, फागण के दिन चार..*

हरियाणा में फाग का यह हुड़दंग 'लूर' नृत्य के बिना अधूरा है। लूर नृत्य में महिलाएं दो पंक्तियों में खड़ी होकर प्रश्न-उत्तर की शैली में गीत गाती हैं। फाग के दौरान हरियाणा का खान-पान भी अपने विशेष रंग में होता है। घर-घर में 'गुझिया', 'शक्करपारे' और दूध-केसर की 'ठंडाई' का दौर चलता है। कई गांवों में आज भी 'सामूहिक भोज' की परंपरा है, जहां पूरा गांव एक जगह बैठकर भोजन करता है, जो सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा उदाहरण है।

फाग के इस मदमस्त उल्लास में एक और महत्वपूर्ण पक्ष 'स्वांग' और 'रागनी' का है। शाम होते-होते जब रंगों का खेल थमता है, तो चौपालों पर रागनी की महफिलें सजती हैं। इन रागनियों में फाल्गुन की महिमा, वीरों की गाथाएं और हास्य-व्यंग्य की ऐसी बौछार होती है कि दिन भर की थकान कपूर की तरह उड़ जाती है। लोग नहा-धोकर, सफेद कुर्ता-पायजामा और खाकी खंडवा पहनकर एक-दूसरे के घर गले मिलने जाते हैं। असल में हरियाणा में होली और धुलंडी का यह पर्व केवल तिथि विशेष का आयोजन नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक समरसता का महापर्व है। जहाँ होली की अग्नि व्यक्तिगत अहं और संचित कड़वाहटों को स्वाहा कर मन को सात्विक बनाती है, वहीं धुलंडी का हुड़दंग रिश्तों की मर्यादाओं को प्रेम और ठिठोली के नए रंगों से सींचता है। यह उत्सव प्रमाणित करता है कि हरियाणा की सांस्कृतिक आत्मा में जितनी कठोरता पौरुष की है, उतनी ही तरलता सामूहिक आनंद और अटूट भाईचारे की भी है।

कविता | सविता गर्ग सावी



## फागण रंग रंगीला

फागण आया रंग रंगीला
रक्का पड़ रया भारी
हरियाणे मैं होली खेलन
आए कृष्ण मुरारी

कमर के ऊपर बांध के पटका
बंसी बीच फसाई
रूप अनोखा देखन आए
सारे लोग लुगाई
कट्ठी हो के सखियां नै फेर
घेर लिए गिरधारी
हरियाणे मैं होली खेलन
आए कृष्ण मुरारी

राधा रानी बन के जाटनी
ले के कोरडा आई
गिरधारी की खैर नहा न इब
सोच सोच मुसकाई
आज जगत के रखवाले पै
पड़ री जाटनी भारी
हरियाणे मैं होली खेलन
आए कृष्ण मुरारी।

कविता | दलबीर सिंह फूल



## बाळक पण की होळी

छुट्या लहारसा खेलण का
ना खेलणिया की टोळी
याद भतेरी आवै सै मेरै
बाळक पण की होळी

कैंरा आळी लकड़ी का हम
डाण्डा काट्या करते
कट्ठे. होकै टाबर सारे
डाण्डा गाड्या करते
छड़ी भींटका ठावण तै फेर
ना कोय नाट्या करते
होळी ऊंच्ची चढावण नै हम
रात्यूं हाण्डया करते
नित नये सांग काढया करते
लेकै हाथ लठोळी
याद भतेरी आवै सै मेरै
बाळक पण की होळी

ईब देख इस होळी नै
आख्यां मैं खून उतरता
कोय पुरणी रंजीस हो
वो इस द्यन पूरी करता
कीचड़ गारया फैकण लागे
देख -देख मैं डरता
कोळी भरकै मिलै नही तो
कोन्या जी सा भरता
हाथ मिला कै दूर हटैं
बात हुई सब ओळी
याद भतेरी आवै सै मेरै
बाळक पण की होळी

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

हरियाणवी होली | प्रदेश में यो त्योहार भाईचारा बढाण का अर मखौल (मजाक) करण का मौका सै

# बुऱा ना मानियो, रंग तो लागैगा

रंगों का त्योहार | फीचर डेस्क

राम-राम भाइयो और बहणो! आगी होली! हरियाणा की होली सिर्फ रंगों का त्यौहार कोन्या ये तो भाईचारा बढाण का और सबसे ज्यादा मखौल (मजाक) करण का मौका सै। हरयाणे में होली का मतलब है-चाहे कोई कितणा भी तगड़ा 'चौधरी' क्यूं न हो, आज तो वह 'बहुरूपिया' बनकर ही घर लौटेगा।

### धोती-कुर्ता और पक्के रंग की जंग

होली के दिन सबसे पहले तो अलमारी में से वो 'सफेद कुर्ता-पजामा' या धोती निकाली जावे सै जो साल भर से 'कोमा' में थी। क्योंकि यो भाई हरयाणे में 'गुलाल' से होली कोन्या खेली जावे, इत्थे तो 'पक्का रंग' चाले सै-हरा नीला पीला... जो हफ्ता भर थारे चेहरे पे थारी 'पहचान' बणाए राखेगा।

### बुरा न मानियो, सबसे बड़ा बहाना

गाम में टोली बण के निकड़े हैं युवा। कोई बाल्टी लेकर, कोई पिचकारी। गली में जो भी मिल गया समझो 'खत्म'। कोई आंटी-ताऊ अगर ना भी कहें तो भी पीछे से आवाज़ आवे सै—'अरे ताऊ बुरा न मानियो आज तो होली है!'और ताऊ भी क्या करें? मखौल में रंग लगवाना ही पड़े सै।

### भाभी और देवर का 'फाग'

हरियाणवी होली में सबसे मजेद्दार सीन होवे सै जब भाभी-देवर का 'फाग' (होली के गीत) चले सै। देवर अपनी भाभी को हराने के लिए पूरा गाम छान मारता है। भाभी-देवर के मखौल में रंग और गुलाल की ऐसी बौछार होवे सै कि 'मेरा रंग जमा जा तू' के सुर गूंज उठें। इस दिन भाभी देवर को कोलड़े मारती है और देवर उससे बचाव के तरीके अपनाता है।



### देसी होली का स्वैग

रंग खेलने के बाद की असली कहानी तो गुझिया और ढोकले (या घर की बनी रोटियां) के साथ चले सै। घर-घर जाकर रंग लगाना और फिर 'के हाल सै भाई?' कहकर गले मिलना ही असली हरियाणवी भाईचारा है।

### वो खास रंगीले साथी

हर गाम में एक-दो ऐसे 'काका' या 'ताऊ' ज़रूर होते हैं, जो होली के सबसे बड़े शिकार होते हैं। वो गली के कौने में छुपे मिलेंगे, पर गाम के छोरे उन्हें ढूँढ ही लेंगे। 'आज तो संतोष भाभी का गुलाल लगा और चोट बड़ा पहचान भी कौन है!'- ये माहौल रहता है!

**निष्कर्ष :** होली का मतलब है पुराना वैर-भाव भूलकर रंगां में रंग जाणा। चाहे कितना ही कोई 'धोरा' (पास) आने से डरे पर हरयाणे की होली में 'रंग तो लागैगा मखौल तो होवैगा!'

तो उठाइए बाल्टी, मिलाइए पक्का रंग और कहिए- बुऱा न मानियो होली सै भाई!

## चटपटे होली चुटकुले

### पति-पत्नी की लट्ठमार होली

एक घर से रमन और उनकी पत्नी निशा के हंसने की बहुत आवाजें आती थीं। मोहल्ले के लोग खुशहाली का राज जानने पहुंचे।
रमन बोला- 'बहुत सरल है, हमारे यहां मेरी बीवी बेलन, चिमटा आदि फेंककर मारती है। हम लट्ठमार होली खेलते हैं! अगर मुझे लग जाता है तो वो हंसती है और नहीं लगता है तो मैं हंसता हूं।'

### नाले में 'मेहबूबा'

योग स्वामी दामदेव को गाने का बड़ा शौक था। होली की मस्ती और भांग के रंग में वे गाते हुए जा रहे थे- 'मेहबूबा, मेहबूबा...'तभी छपाक से एक नाले में गिर गए!

अब उनकी कांपती हुई आवाज आई- 'मैं डूबा, मैं डूबा...!'

### होली और नहाना

एक आदमी होली पर गाना गुनगुना रहा था- 'घर में नहीं है पानी तो होली कैसे मनाऊं रे!'

पड़ोसी ने सुना तो कहा- 'भाई, पानी हो न हो, होली तो मनानी ही चाहिए। उधार लेकर ही सही, साल में कम से कम एक बार तो नहाना ही चाहिए!'

### रंग की बाल्टी की दूरी

एक आदमी सड़क पर सफेद पट्टी रंगने का काम कर रहा था। पहले दिन उसने 6 मील पुताई की, दूसरे दिन 3 मील और तीसरे दिन सिर्फ 1 मील। ठेकेदार ने कारण पूछा तो उसने कहा- 'साहब, काम तो मैं जल्दी ही कर रहा हूं, पर हर अगले दिन मुझे बाल्टी तक वापस आने के लिए बहुत लंबी दूरी तय करनी पड़ती है!'

### दारू छोड़ने का इरादा

एक शराबी बोला- 'आज होली है, सोच रहा हूं दारू छोड़ दूं... लेकिन किसके पास छोड़ूं? फेर कई देर सोचे पाछे बोल्या, सभी दोस्त साले कमीने हैं, होली के पहले ही पी जाएंगे!'

# होली की दुल्हंडी : रंग, राड़ अर रसभरी ठिठोली

इंद्रधनुष | फीचर डेस्क

हरियाणा में होली के अगले दिन आवे सै दुल्हंडी (धुलेंडी)। यो दिन असल में रंगां की "फुल एंड फाइनल सेटलमेंट" सै। होलिका दहन की आग ठंडी हो जावे सै, पर गांव के छोऱ्यां की शरारतां की आग और तेज हो जावे सै। दुल्हंडी का मतलब साफ सै—आज कोई नहीं बचेगा, चाहे वो कित्ता ही बड़ा ज्ञानी, सयाणा या सीधा क्यों ना हो। सुबह-सुबह गांव में अजीब सी खामोशी दिखे सै, पर यो तूफान से पहले की शांति हो सै। छोरे पहले ही रात नै बाल्टियां भर के रख लें सै। किसी के घर के आगे ड्रम, कहीं टंकी, कहीं पाइप सीधे नल पे फिट।

जैसे ही पहला भोला-भाला आदमी गली में निकले, चारों तरफ से हमला—रंग, पानी, कीचड़, गुलाल! बेचारा समझे कि दूध लेने निकला था, पर वापस आवे सै तो पूरा "चलता-फिरता इंद्रधनुष" बन के।

दुल्हंडी में एक खास बात हो सै- आज "ना" का कोई मतलब ना हो। अगर कोई बोले, "भाई मैं रंग ना खेलूं," तो समझ लो उसके ऊपर स्पेशल पैकेज लागू हो गया। दो छोरे हाथ पकड़ें सै, तीसरा बाल्टी उड़ेल दे सै, चौथा फोटो खींच ले सै। फेर शाम नै वही फोटो पूरे गांव में घूमे सै।

गांव की ताई-चाची भी कम ना सै। जद छोरे ज्यादा उधम मचावें सै तो ताई बाल्टी ले के तैयार। बोले- "रुको, मैं बताऊं असली रंग के हो सै!" अर एक ही वार में सारे हीरो जमीन पे। बाद में वही ताई गुजिया खिलावै सै अर कहे- "बुरा मत मानियो, दुल्हंडी सै।"






दुल्हंडी का सबसे मजेदार सीन तो तब बने सै जद कोई नया दामाद पहली बार ससुराल आवे। बेचारा सोच के आवे सै कि इज्जत होगी, सत्कार होगा। पर यहां तो पहले से ही कमेटी बैठी हो सै—"आज जीजा की खैर ना।" जैसे ही जीजा बाहर निकले, रंग की बौछार। एक बार तो एक जीजा के जूते तक गुलाबी कर दिए। दो दिन बाद ऑफिस गया तो सहकर्मी पूछें—"सर, आप होली खेले थे या पेंट की दुकान में गिरे थे?" दुल्हंडी में खाने-पीने का भी अलग ही सिस्टम सै। सुबह से ही घर-घर पकवान। पर छोरे इतने व्यस्त हों सै रंग में कि खाने का टाइम ही ना मिले। जद थक जावें सै, तब याद आवे सै कि पेट भी कोई चीज हो सै। गुजिया, दही-बड़े, मठरी सब ऐसे साफ हों सै जैसे गांव में टिड्डी दल आ गया हो।अर भाई, कुछ "खास" लोग भांग की ठंडाई भी पी लें सै। फेर दुल्हंडी के रंग में दर्शनशास्त्र शुरू हो जावे सै।

एक काका बोले- "रंग असल में जिंदगी का प्रतीक सै।" दूसरा जवाब दे- "पहले तू घर जा, तेरी घरवाली प्रतीक समझा देगी।" चौपाल में हंसी का फव्वारा फूट पड़े सै। पहले के टाइम में दुल्हंडी ज्यादा सादी अर ठेठ होती थी। टेसू के फूल उबाल के रंग बनावें सै, कीचड़ भी चलता सै। अब के टाइम में डीजे, स्पीकर, कलर स्प्रे अर सेल्फी स्टिक आ ली सै। पर असली मजा तो गांव की गलियां में ही सै-जहां हर कोई एक-दूजे के घर बिना बुलावे घुस जावे सै, अर बोले-"आज तो रंग लगाके ही मानूंगा।"

दुल्हंडी का असली मतलब राड़-झगड़ा ना, बल्कि दिल खोल के हंसणा सै। जो मन में गिला-शिकवा हो, रंग लगा के मिटा दो। एक-दूजे नै गले लगाओ अर कहो- "भाई, दुल्हंडी सै, भूल जा सारी बात।"

**दुल्हंडी हरियाणा की वो परंपरा सै, जो सिखावै सै के जिंदगी में थोड़ा रंग, थोड़ी शरारत अर ढेर सारी हंसी जरूरी सै। बाकी अगर कोई ज्यादा रंग दे तो बुरा मत मानियो- दुल्हंडी सै!**

शाम होते-होते सब थक के चूर हो जावें सै। कोई नाली में फिसल के आया हो सै, कोई बाल्टी से भीग के। पर चेहरे पे मुस्कान जरूर हो सै। कपड़े चाहे खराब हो जावें, पर यादां नईं धुलें सै।

तो भई, दुल्हंडी हरियाणा की वो परंपरा सै जो सिखावै सै कि जिंदगी में थोड़ा रंग, थोड़ी शरारत अर ढेर सारी हंसी जरूरी सै। बाकी अगर कोई ज्यादा रंग दे दे तो बुरा मत मानियो- दुल्हंडी सै!

## खबर संक्षेप



सोनीपत। जरूरतमंदों को कपड़े वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जरूरतमंदों को वितरित किए कपड़े, जूते-सामान

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा रविवार को पुराने वस्त्र वितरण अभियान के अंतर्गत श्री खाटूश्याम सोनीपत धाम, मोहन नगर में जरूरतमंद परिवारों को पुराने वस्त्र, जूते एवं उपयोगी घरेलू सामान वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रधान संजय सिंगला एवं चेयरमैन वाईके त्यागी ने कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है। उन्होंने आमजन से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि घर में रखा वह सामान जो आपके उपयोग में नहीं आ रहा, लेकिन अच्छी स्थिति में है, वह किसी जरूरतमंद के लिए नई उम्मीद बन सकता है।

### समाज कल्याण संगठन ने रोपे 29 पौधे

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन द्वारा रविवार को अपने साप्ताहिक अभियान के तहत नीम, अर्जुन, पापड़ी और जंगली जलेबी के 29 पौधे रोपे गए। पौधारोपण जींद-बरोदा लिंक मार्ग व बरोदा-महम लिंक मार्ग के साथ खाली जगह में किया गया। पुराने पौधों की देखभाल के दौरान तीन पौधे सूखे हुए मिले जिनके स्थान पर नए पौधे रोपे गए। संगठन द्वारा गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए पिछले करीब डेढ़ देशक से पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

### दीपेश ब्लाक प्रधान,व सुरजीत बने उपाध्यक्ष

**गन्नौर।** हरियाणा पंचायत कंप्यूटर आपरेटर संघ की ब्लाक कार्यकारिणी की बैठक पांची रोड स्थित रेलवे पार्क में आयोजित की गई। अध्यक्षता जिला प्रधान प्रवीण ने की बैठक की शुरुआत में यूनियन की रीति-नीति एवं संगठनात्मक मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से ब्लाक गन्नौर की नई कार्यकारिणी का विस्तार व गठन किया गया। दीपेश को ब्लाक प्रधान, पूनम और सुरजीत को उपाध्यक्ष, राहुल को सचिव तथा पंकज को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

### इंदिरा कालोनी में श्री सुंदरकांड पाठ हुआ

**सोनीपत।** श्री राम परिवार, सोनीपत के तत्वावधान में शनिवार को इंदिरा कालोनी में सुंदरकांड का पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं रामकथा का सामूहिक आयोजन किया गया। कॉलोनी के निवासियों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से सामूहिक पाठ में भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में तुलसी दास मदान ने कहा कि रामचरितमानस में पारंपरिक रंगों वाली होली का सीधा वर्णन नहीं मिलता, लेकिन इसमें आध्यात्मिक होली का गहरा संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि प्रभु के गुणों और भक्ति के रंगों से मन को रंगना ही सच्ची होली है।

# दो रोमांचक मुकाबलों में वॉरियर्स और बुल्स की टीमों ने मारी बाजी

## औद्योगिक क्षेत्र में हवन के साथ वूमेन हॉकी सीरीज का शुभारंभ

- अतिथियों ने उत्साहवर्धन किया व खेलों में अनुशासन का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

औद्योगिक क्षेत्र स्थित घास के खेल मैदान में रविवार को हर वर्ष की भांति पवित्र यज्ञ का आयोजन किया गया। धार्मिक वातावरण और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने क्षेत्र की उन्नति एवं खिलाड़ियों की सफलता की कामना की। इसी अवसर पर बहुप्रतीक्षित वूमेन हॉकी सीरीज का विधिवत शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मेयर राजीव जैन रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल सुशील छिक्कारा (एनएसजी) और एंड्रॉय (सिडनी, ऑस्ट्रेलिया) उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेलों में अनुशासन व समर्पण की महत्ता पर बल दिया। सीरीज के पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में टीम वॉरियर्स ने टीम ईगल्स को 2-1 से पराजित किया। मुकाबला काफी रोमांचक रहा और दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। दूसरे मैच में टीम बुल्स ने टीम मस्तांग को 3-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस अवसर पर प्रीतम सिवाच द्रोणाचार्य अवॉर्डी, कुलदीप सिवाच, अनिल डबास, परवीन वशिष्ठ, अनिल धीमान, नरेंद्र लोहाट, प्रेम प्रकाश, अरविन्द कुमार, प्रेम सिंह दहिया सहित अनेक खेल प्रेमी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।





सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें मुख्यातिथि का स्वागत करते आयोजक एवं अन्य तथा खरखौदा में विजेता को पुरस्कृत करते धम्मल फौजी। फोटो : हरिभूमि

### ऋषि प्रकाश की स्मृति में द स्टैनफोर्ड स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता हुई

**खरखौदा।** ऋषि प्रकाश पिपली की प्रथम पुण्यतिथि पर रविवार को द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द के प्रांगण में खेलकूद प्रतियोगिता व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन क्षेत्र के विख्यात रक्तदाता धम्मल फौजी की देखरेख में किया गया। 16 सौ मीटर बालक वर्ग में प्रिंस पुत्र सोमबीर, तुर्कपुर ने प्रथम, विक्की पुत्र नरेश, थाना खुर्द ने द्वितीय तथा दीपांशु पुत्र भोला, तुर्कपुर ने तृतीय स्थान हासिल किया। हिमांशु पुत्र प्रवीन, मटिंडू और दक्ष पुत्र रविंद्र, मटिंडू प्रतिभागी रहे। एक हजार मीटर बालिका वर्ग में रिया पुत्री सोमबीर, तुर्कपुर ने प्रथम, सपना पुत्री राकेश, थाना खुर्द ने द्वितीय तथा सलोनी पुत्री दलवीर, थाना खुर्द ने तृतीय स्थान हासिल किया। इनके अतिरिक्त कविता पुत्री सोनू, थाना खुर्द और भाटोई पुत्री अजमेर ने भी स्पर्धा में भाग लिया। अंडर -10 की पांच सौ मीटर में नितिन पुत्र मुकेश, थाना खुर्द ने प्रथम, प्रिंस पुत्र अजीत, पिपली ने द्वितीय तथा तुषार पुत्र सतपाल, मटिंडू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों की दौड़ आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें बचन सिंह, कुलदीप सिंह और जगबीर क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय पर रहे। अपनी जीवटता से उन्होंने यह संदेश दिया कि दृढ़ संकल्प और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता से उम्र केवल एक संख्या भर है। आयोजन समिति ने प्रथम को 3100, द्वितीय को 2100 तथा तृतीय को 1100 की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया। चेयरमैन उत्सव दहिया ने कहा कि विद्यालय परिसर सदैव सामाजिक एवं जनहित के कार्यों के लिए समर्पित रहेगा और भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक आयोजनों का स्वागत किया जाएगा। समारोह में शक्ति ठेकेदार, देवेंद्र सिंह, संदीप पाराशर, हर्ष छिक्कारा व अश्विनी कौशिक की गरिमामयी उपस्थिति रही।



गन्नौर। समाजसेवी वीरेंद्र कादियान के साथ सरपंच देवेंद्र सरोहा रेफरी बबीता मालिक व विजेता का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# बली कुतुबपुर में ग्रामीण महिला एथलेटिक्स स्पर्धा

- वीरेंद्र कादियान ने विजेताओं को किया सम्मानित
- आज की बेटियां हर क्षेत्र में है अग्रणी : वीरेंद्र कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

ग्राम पंचायत बली कुतुबपुर के राजकीय विद्यालय खेल परिसर में आयोजित दूसरी महिला सशक्तिकरण ग्रामीण एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बेटियों व महिलाओं में उत्साह देखने को मिला। इस खेल उत्सव का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान के अनुज समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने किया और विजेता प्रतिभागियों को इनाम राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से न केवल छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आती है, बल्कि युवाओं व महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी है। कादियान ने सरपंच देवेंद्र सरोहा के प्रयासों की भी सराहना की है।

### मैदान में उतरी बेटियां और बहुएं, दिखा गजब का जज्बा

प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण महिला सशक्तिकरण की झलक रही। जहां 14 वर्ष की बेटियों ने नीबू रेस और 100 मीटर दौड़ में अपनी फुर्ती दिखाई। 3 किलोमीटर मैराथन दौड़ (ओपन) टोनी प्रथम, देव द्वितीय व सम्राट तृतीय। मटका दौड़ - सुनीता प्रथम, पूजा द्वितीय, निशा तृतीय।14 वर्ष से अधिक बालिका वर्ग-तमन्ना प्रथम, आरजू द्वितीय व रितिका तृतीय। अंडर-14 बालिका वर्ग (100 मीटर दौड़) कोमल प्रथम, शिवानी द्वितीय व हिमानी तृतीय।

# फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत प्रताप स्कूल ने आयोजित की साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वाधान में स्वस्थ भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत प्रताप स्कूल खरखौदा द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन को नियमित व्यायाम, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। साइक्लिंग रैली का नेतृत्व द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित एवं स्कूल खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया ने किया। उन्होंने कहा कि साइक्लिंग न केवल शरीर को स्वस्थ रखती है, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का भी सशक्त माध्यम है। फिट इंडिया जैसे कार्यक्रम युवाओं को नशे और अपराध से दूर रखकर सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या दया दहिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते है।



खरखौदा। साइकिल रैली में भाग लेते हुए प्रताप स्कूल परिवार। फोटो : हरिभूमि

# होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम को मजबूत करने का पर्व : माईराम कौशिक

- समारोह भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज त्यागी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

राई गांव में होली मिलन समारोह का आयोजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज त्यागी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

समारोह में आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के भाई व भाजपा नेता माईराम कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि माईराम कौशिक ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और सद्भाव को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



राई। कार्यक्रम में भाजपा नेता माईराम कौशिक साथ में भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज त्यागी। फोटो : हरिभूमि

### मिलकर पर्व मनाएं

मनोज त्यागी ने कहा कि त्योहार समाज को जोड़ने का माध्यम होते हैं और हमें इन्हें मिलजुलकर मनाने की परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए। समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज त्यागी ने ने संबोधन में कहा कि होली का पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से समाज में शांति, प्रेम और सहयोग की भावना बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।



गोहाना। समारोह में एक दूसरे को रंग लगाते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### होली पर्व हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का वाहक : जगदीश

- शिव नगर में होली मिलन समारोह आयोजित, लोगों ने एक दूसरे को होली का रंग लगाकर बांटा प्यार

**गोहाना।** होली का पर्व न केवल आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है अपितु यह हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का वाहक भी है। अपने त्योहारों को गरिमापूर्ण एवं सामाजिक वातावरण में मनाते हुए अपनी सांस्कृतिक विरासत को संभाल कर रखना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। यह बात समाजसेवी एवं शारीरिक शिक्षक संघ हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश भावड़ ने कही। वह रविवार को शहर में जींद मार्ग स्थित शिव नगर में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता जिला परिषद सोनीपत की पूर्व चेयरपर्सन कमला भावड़ ने की। समारोह में लोगों ने एक दूसरे को होली का रंग लगाकर अपना प्यार बांटा और आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता जगदीश भावड़ ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे पुरानी संस्कृतियों में से एक है। हमारे त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। अपनी सांस्कृतिक विरासत को संभालना आज हमारी सबसे बड़ी जरूरत है। समारोह में विनोद सहरावत, कंवर भावड़, अनूप मलिक, एडवोकेट मनोज, जितेंद्र जांगड़ा, सन्नी मलिक, नगर पार्षदों में प्रदीप लठवाल, आजाद मलिक, निपुण सहरावत, पूर्व पार्षद रिंकू भनवाला, निपुण सहरावत, प्रदीप चहल, रोहित मान, सतबीर रैबारी, राजमल चहल, राजकुमार मिस्त्री और जुगनू बजाज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# शिविर में 413 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा


- 37वां मेगा स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सेफ इंडिया फाउंडेशन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (जिला, महिला एवं युवा इकाई), श्री श्याम बालाजी सेवा मंडल, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एक्सीलेंस, कृष्णा देवी श्याम मिष्ठान भंडार, श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट एवं सोनीपत धाम के संयुक्त तत्वावधान में खाटू श्याम मंदिर सोनीपत धाम मोहन नगर, सोनीपत में 37वां मेगा स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 413 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया तथा 11 समाजसेवियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। डॉ. रामावतार, डॉ. अल्पना सिंघल, डॉ. जेएस पूनिया, योग ट्रेनर पिंकी ओर मीनाक्षी द्वारा 96 मरीजों की जांच ओर दवाईयां दी गई। वर्मा पैथ लैब द्वारा शुगर एवं बीपी की निःशुल्क जांच की गई।



सोनीपत। शिविर में मरीजों को दवाई वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि





सोनीपत। सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित वार्षिक उत्सव के समापन कार्यक्रम में प्रवचन करते वक्ता तथा सामुदायिक केंद्र में वार्षिक उत्सव के समापन कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों के साथ अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### छठे दिन स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व से करवाया अवगत

**सोनीपत।** हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन प्रातः कालीन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुधीर (पूर्व रजिस्ट्रार, डीक्रस्ट) उपस्थित रहे। उनके साथ संजय भूटानी, नगर प्रमुख विवेकानंद केन्द्र तथा दीपांकर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अवगत कराया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन के प्रेरणास्पद प्रसंगों का उल्लेख करते हुए युवाओं को राष्ट्रनिर्माण, आत्मानुशासन और सेवा-भाव के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विवेकानंद के जीवन से संबंधित प्रेरक पुस्तकों का वितरण भी किया गया, जिससे छात्र-छात्राएं उनके आदर्शों को निकट से समझ सकें। सत्र के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद क्रीड़ाओं का आयोजन किया गया।



सोनीपत। श्रीदेवी चिट्टाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में वार्षिक उत्सव के समापन पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### हवन में पूर्णाहुति के साथ वार्षिक उत्सव संपन्न

**सोनीपत।** हलवाई हट्टा स्थित श्रीदेवी चिट्टाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में चल रहा नौ दिवसीय वार्षिक उत्सव श्री रामकथा एवं नवचंडी महायज्ञ रविवार को हवन में पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। कथाव्यास एवं श्रीराम कृष्ण साधना केंद्र, मुरथल के संस्थापक 1008 स्वामी डॉ. दयानंद सरस्वती यति महाराज ने रावण वध, श्रीराम के अयोध्या पुनः आगमन व राजतिलक के प्रसंग का वर्णन कर श्रद्धालुओं में भक्ति का संचार किया। इससे पहले श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में मंत्रोच्चारण के साथ नवचंडी महायज्ञ में पूर्णाहुति अर्पित की। कार्यक्रम में यजमान के रूप में विनोद गुप्ता, नरेश गर्ग, दिल्ली से अनिल कुमार वर्मा, गौरा सुनार व भाजपा नेता योगेश पाल अरोड़ा ने शिरकत की।

### सैनी वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन

**सोनीपत।** दिल्ली विद्यापीठ में समाज में वैवाहिक संबंधों को प्रोत्साहित करने और युवक-युवतियों को उपयुक्त जीवन साथी चुनने हेतु एक प्लेटफॉर्म देने के उद्देश्य से रविवार को सैनी वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सैनी समाज के युवक-युवतियों और उनके अभिभावक शामिल हुए। इस आयोजन के आयोजक जगदीश चंद्र सैनी (कुरुक्षेत्र) रहे। उन्होंने उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवक-युवतियों एवं अभिभावकों आकांक्षाएं बढ़ रहीं है।



सोनीपत। कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

## कार्यक्रम | पैरामाउंट स्कूल ऑफ साइंस में किया पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

# तृतीय एक्सपीडिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट के विजेताओं को लाखों की छात्रवृत्तियां प्रदान की

साइकिल, एलईडी टीवी, ट्रॉली बैग सहित आकर्षक पुरस्कार विद्यार्थियों को वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

मौजमनगर (फरमाना) स्थित पैरामाउंट स्कूल ऑफ साइंस में परिवार रंगमंच - टैलेंट, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल गतिविधियां तथा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के अंतर्गत अभिभावकों के लिए सोलो डांस, रैम्प वॉक, मटका रेस एवं सुई-धागा दौड़ जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता, सह-पाठयक्रम गतिविधियों एवं खेल उपलब्धियों के लिए ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान तृतीय एक्सपीडिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट के विजेताओं को लाखों रुपये की छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। साथ ही साइकिल, एलईडी टीवी, ट्रॉली बैग सहित आकर्षक पुरस्कार विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को वितरित किए गए। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शनी एवं विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई, जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आईसी कॉलेज, रोहतक की रसायन विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. निधि ढुल व डॉ. पूजा ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया।




खरखौदा। वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### आभार व्यक्त किया

पैरामाउंट संस्थाओं के चेयरमैन मनजीत फोगाट ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचार्या मोनिका फोगाट ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कोऑर्डिनेटर अनिल देसवाल व उप - प्राचार्य संदीप गुलिया एवं विद्यालय स्टाफ का संपूर्ण योगदान रहा।

### मनुष्य सत्य का आचरण व ईश्वर की उपासना अवश्य करें : आचार्य

**सोनीपत।** वैदिक यज्ञ समिति की ओर से सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित सात दिवसीय 47वें वार्षिक उत्सव अथर्ववेद यज्ञ रविवार को यज्ञ में पूर्णाहुति डालकर संपन्न किया गया। यज्ञ के ब्रह्म आचार्य वेदपाल ने परमपिता परमेश्वर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए समझाया कि परमेश्वर चाहता है, हम मनुष्य जो उनके पुत्र हैं, पूर्णता को प्राप्त करें। इसके लिए सत्य का आचरण, ईश्वर की उपासना, कथनी करनी में अंतर नहीं रखना चाहिए। पारस्परिक सौहार्द को बनाए रखें। विश्ववारा कन्या गुरुकुल से ब्रह्मचारिणी चेतना ने वेद को अपौरुषेय बताया है। अतः उसे ही आधार बनाकर स्वयं के जीवन को उच्च बनाने के लिए गुरुकुल की शिक्षा प्रणाली अपनाने पर जोर दिया। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने प्रथम प्रभु को स्मरण करके मेरे प्रभु मुझको तुम्हारा ही सहारा है।

## खबर संक्षेप

### रिकार्डतोड़ होगी गोहाना की रैली : अरविंद शर्मा

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि 29 मार्च को गोहाना में गोहाना विधानसभा की धन्यवाद रैली आयोजित होगी। मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। मंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में आयोजित की जा रही धन्यवाद रैलियों में गोहाना की रैली रिकार्डतोड़ साबित होगी।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा चोरी, आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 थाना क्षेत्र में घर के बाहर से एक्टिवा स्कूटी चोरी करने की घटना में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रवि निवासी गांव मुरथल जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरीशुदा एक्टिवा स्कूटी बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार 25 फरवरी 2026 को सेक्टर-14 निवासी सौरभ ने शिकायत दी थी कि शाम करीब 6:37 बजे अज्ञात व्यक्ति उसके घर से एक्टिवा स्कूटी चोरी कर ले गया। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-27 में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मुख्य सिपाही सोमबीर के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में नौ मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें चोरी, मारपीट और अन्य आपराधिक मामले शामिल हैं।

## होली उत्सव पर करोड़ों रुपये का कारोबार होने का अनुमान, दुकान प्रसन्न

# होली उत्सव आज से प्रारंभ, खरीदारी को लेकर गुलजार हुए शहर के बाजार

- होली उत्सव की सोमवार को होलिका पूजन से होगी
- 3 मार्च को चंद्रग्रहण के चलते बुधवार को मनाया जाएगा फाग उत्सव

दुकानों पर ग्राहकों के लिए मुर्गा छाप, श्रीगणेश के रंग, रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल, बच्चों के लिए खिलौनों वाली पिचकारी से लेकर टैंक पिचकारी तक उपलब्ध हैं। बाजार में सुबह व शाम खरीदारी को लेकर चहल-पहल बढ़ने लगी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

त्योहार समाज को मजबूत करने के साथ अपनी खुशियां बिखेर कर हमारी संस्कृति, एकता व भाईचारे का संदेश देते हैं। आज प्रारंभ होने वाली होली उत्सव को लेकर बाजार गुलजार हो चुके हैं। खरीदारों की भीड़ बढ़ने से बाजारों में चहल-पहल का माहौल नजर आने लगा है। बाजारों में रंग-बिरंगे गुलाल, नई-नई वैरायटी की पिचकारियों से दुकानें सज गई हैं। इस बार बाजार में पिचकारियों में गननुमा ऑटोमेटिक पिचकारी, हेलीकॉप्टर, रेन डांस, हथौड़ा, 288 शॉट का पटाखा, फरसा जैसी आइटम फाग उत्सव पर पानी की बौछार करने के करने के साथ रंग-बिरंगे गुलाल उड़ाने को तैयार हैं। बाजार में रंग बिखेरने वाले सिलेंडर की ज्यादा डिमांड है।

होली उत्सव की सोमवार को होलिका पूजन के साथ शुरुआत होने जा रही है। 3 मार्च को चंद्रग्रहण के चलते इस बार बुधवार 4 मार्च को फाग उत्सव मनाया जाएगा। व्यापारियों की माने तो होली पर करोड़ों रुपये का कारोबार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इनमें मिठाई से लेकर रंग-गुलाल, होली की पोशाक, पिचकारियां शामिल हैं। बाजार में होली का खुमार है और खरीदारों की भीड़ भी अपार है। रविवार के अवकाश के चलते रंग-गुलाल की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की।




सोनीपत। सुभाष चौक के पास लगी दुकान पर रंग, गुलाल, स्प्रे व अन्य उत्पाद पसंद करते युवा व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### बाजारों में रौनक

लोगों ने रंग गुलाल के साथ मिठाई, ड्राइफ्रूट, बिस्कुल, टॉफी से बनी होली की माला व अन्य खाद्य पदार्थों की भी जमकर खरीद की। शहर के प्रमुख बाजार कच्चे क्वार्टर, गुड़ मंडी, रोहतक रोड, गोहाना रोड, बड़ा बाजार, सेक्टर-14-15 मार्केट, गीता भवन आदि जगहों पर रंग-गुलाल, पिचकारी आदि की दुकानों, स्टाल व रेहड़ियों पर लोगों की भीड़ लगी रही। पिचकारी व रंग खरीदने के लिए बच्चों की भीड़ ज्यादा नजर आ रही थी। लोगों ने रंग गुलाल के साथ ही टी-शर्ट, गुब्बारे व होली क्रेकर्स की खूब खरीद की। युवाओं का कलर स्प्रे के साथ रंग बिखेरने वाले सिलेंडर भी खूब भा रहे हैं।

### ग्राहकों के लिए दिल्ली से मंगवाया सामान

दुकानदार अमित कुमार, दीपक कुमार, अमित दुआ, सुशील कुमार ने बताया कि होली उत्सव को लेकर बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। ग्राहकों के खासकर दिल्ली से होली संबंधी सामान मंगवाया गया है। फॉग आइटमों से बनेगा रंगों के धुएं का गुबार होली पर्व को लेकर इस बार नई आइटम के रूप में हेलीकॉप्टर, रेन डांस, खिलौना पिचकारी के साथ स्मॉग बम व जादुई गिलास युवाओं की पसंद बने हुए हैं। स्मॉग बम में आग लगाने से रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल की बौछार होगी। जादुई गिलास में पानी डालने के बाद रंग-बिरंगा पानी बाहर निकलेगा।

### घर पर कैसे तैयार करें हर्बल रंग

▶▶ बाजार के रंगों से परहेज है तो आप घर पर ही हर्बल गुलाल तैयार कर सकते हैं। इससे त्वचा को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। घर में बनाए गए इन रंगों को पानी में भी घोला जा सकता है।

▶▶ चुकंदर को सुखाकर पीस लें, इनमें बेसन या चावल का आटा मिलाने से लाल व गुलाबी रंग तैयार किया जा सकता है।

▶▶ हल्दी में बेसन, आरारोट या चावल का आटा मिलाकर छानकर पीला रंग तैयार कर सकते हैं।



सोनीपत। स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए भाजपा नेता अरुण बंसल। फोटो : हरिभूमि

### हिंदू समाज की एकजुटता ही भारत की शक्तिः अरुण

सोनीपत। हिंदू समाज की एकजुटता ही भारत की शक्ति है और हमें अपनी परंपराओं व मूल्यों के संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। यह विचार भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी अरुण बंसल ने मारचंद स्कूल में आयोजित हिंदू सम्मेलन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज की एकता, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रहित सर्वोपरि हैं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही, जिनसे उन्होंने संवाद कर सामाजिक समरसता का आह्वान किया।

इसके पश्चात अरुण बंसल ने सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित होली मिलन समारोह में भाग लिया और उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व युवाओं को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रंगों का यह पर्व प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है।

मुरथल स्थित स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज के आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त कर उन्होंने होली को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया।

# विकास के नाम पर खोखले वादे : कमल दिवान

- वार्डों में जनसभाओं से कांग्रेस ने दिखाई ताकत, कमल दिवान के नेतृत्व में कांग्रेस का 'जन-जन तक हाथ' अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम के विभिन्न वार्डों में कांग्रेस पार्टी का जनाधार मजबूत करने और जनता की समस्याओं को उठाने के उद्देश्य से शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया के नेतृत्व में दौरा किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनावों के लिए अपनी कमर कस ली है। कार्यक्रम का आगाज माडल टाउन वार्ड नंबर 12 में हुआ, जहां राकेश मदान के नेतृत्व में कांग्रेस के नए



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान संबोधित करते हुए।

कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत टीम वार्ड नंबर 17 पहुंची, जहां प्रीतम के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने वर्तमान सरकार की विफलताओं के खिलाफ रोष प्रकट किया। हमारी लड़ाई बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ है। इन सभी कार्यक्रमों में जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजीव दहिया, उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, महासचिव राजेश सेवली, सचिव अंकित मेहता और पूर्व प्रधान लीलू काकरोई मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने कांग्रेस की नीतियों में अपनी आस्था जताई। नंदवानी नगर (हनुमान मंदिर मेमोरियल हॉस्पिटल के पीछे) में वार्षिक होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

### ग्रामीणों ने बिजली, पानी और सड़कों के मुद्दें उठाए

अभियान को आगे बढ़ाते हुए देवडू गांव (वार्ड नंबर 5) में बिंदिया चोपड़ा के नेतृत्व में एक जनसभा का आयोजन हुआ। ग्रामीणों ने बिजली, पानी और बदहाल सड़कों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद पटेल नगर (वार्ड नंबर 9) में देवेंद्र के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि जनता मौजूदा शासन के कुप्रबंधन से त्रस्त है। विकास के नाम पर केवल खोखले वादे किए गए हैं। वार्ड 5 से लेकर वार्ड 17 तक, जहां भी हम जा रहे हैं, लोग परिवर्तन की राह देख रहे हैं। कांग्रेस पार्टी आम आदमी की आवाज है और हम वादा करते हैं कि सत्ता में आते ही प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र जैसी जटिलताओं को खत्म कर जनता को राहत देंगे।

# रौनक पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में छाए छात्र

- मुख्य अतिथि के रूप में रौनक एजुकेशन फाउंडेशन के मैनेजर राहुल गुप्ता ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

रौनक पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम व उत्साह से मनाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के रूप में राहुल गुप्ता (मैनेजर, रौनक एजुकेशन फाउंडेशन) ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में निशांत छौक्कर (चेयरमैन, मार्केट




गन्नौर। कार्यक्रम के अतिथियों के साथ स्कूल के प्रतिभागी छात्र।

कमेटी), वीरेंद्र मोहन लाल बडोली (भाजपा युवा नेता) तथा नीरज ठरू (जिला महामंत्री सोनीपत) ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी अतिथियों का प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने स्वागत किया। राहुल गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयी मंच विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है और ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास तथा रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। प्री-प्राइमरी से कक्षा तृतीय तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, योग एवं ताइक्वांडो प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया। ताइक्वांडो प्रदर्शन ने आत्मरक्षा के महत्व को उजागर किया।विद्यार्थियों ने "मोबाइल का सीमित उपयोग", "जंक फूड से दूरी" और "अपनी मिट्टी व संस्कृति से जुड़ाव" जैसे सामाजिक संदेशों को नृत्य-नाटिकाओं के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और शारीरिक विकास भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था स्कूल के शिक्षकों ने संभाली।




सोनीपत। आश्रम में सामग्री वितरित करते हुए मेघा दिवान, कमल दिवान एवं अन्य।

### जरूरतमंदों के बीच होली मनाकर मिलता है आत्मिक संतोष : मेघा दिवान

सोनीपत। रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में रविवार को शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान की पत्नी मेघा दिवान ने एक अनूठी पहल की। दिवान चैरिटेबल ट्रस्ट और रोटरी क्लब आफ सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-15 स्थित कोढ़ी आश्रम में भोजन सामग्री का वितरण किया गया और आश्रम के निवासियों के साथ होली की खुशियां साझा की गई। मेघा दिवान ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। अपने परिवार के साथ त्योहार मनाना सुखद है, लेकिन समाज के उपेक्षित और जरूरतमंद वर्गों के बीच जाकर उनकी मुस्कान का कारण बनना वास्तविक आत्मिक संतोष प्रदान करता है। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने युवाओं से आह्वान किया कि वे उत्सवों के समय सामाजिक सरोकारों से जुड़ें। कार्यक्रम के दौरान आश्रम के परिवारों को पौष्टिक भोजन सामग्री वितरित की गई।

## भटगांव गोशाला के 126वें वार्षिकोत्सव में 11 लाख अनुदान राशि देने की घोषणा

# गो सेवा से सशक्त होगी संस्कृति : डॉ. अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की सुदृढ़ आधारशिला है। गौ माता की सेवा अपने सगे माता-पिता की सेवा के समान है और इससे प्राप्त आशीर्वाद समाज व राष्ट्र दोनों को समृद्ध और समर्थ बनाता है। सनातन संस्कृति में गौ माता को 33 करोड़ देवी-देवताओं का स्थान प्राप्त है, इसलिए गौ सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। वे भटगांव स्थित गौशाला के 126वें



सोनीपत। भठगांव स्थित गोशाला में कार्यक्रम के दौरान मंत्री और उनकी पत्नी का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला के विकास और व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 11 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। डॉ. शर्मा ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि वर्ष 1995-96 में उन्हें पूज्य नारायण दास महाराज जी का सान्निध्य और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। नारायण आश्रम में बिताए समय ने उनके मन में गौ सेवा के प्रति गहरी आस्था और समर्पण का भाव उत्पन्न किया। उन्होंने बताया कि उनके परिवार दादा, पिता और धर्मपत्नी सभी में गौ सेवा के प्रति विशेष श्रद्धा रही है, जो उनके जीवन और कार्यशैली का मार्गदर्शन करती है। इस अवसर पर सांसद कमलजीत सिंह सहरावत, जिला अध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, भटगांव गौशाला के प्रधान अनिल दहिया, महासचिव रामनिवास पाराशर, सहदेव पाराशर, सरपंच नीरज दहिया, जयदेव दहिया, नीरज शर्मा, हीरा लाल चेयरमैन, संदीप पहलवान, महामंडलेश्वर स्वामी कृषानंद, स्वामी संजय ब्रह्मचारी, स्वामी रामानंद सहित काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### प्रदेश में बढ़ रहीं गोशालाए

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्ष 1996 में जब वे चुनाव मैदान में थे, उस समय हरियाणा में लगभग 90-94 गौशालाएं थीं, जबकि आज प्रदेश में 700 से अधिक पंजीकृत गौशालाएं संचालित हो रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 3 मार्च को हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भटगांव में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और यहां से अन्य गौशालाओं के लिए भी अनुदान राशि के चेक वितरित करेंगे। मंत्री ने जानकारी दी कि फरमाना गांव में शहीद की खंडित प्रतिमा के पुनर्निर्माण के लिए 2 लाख 40 हजार रुपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है और शीघ्र ही मरम्मत कार्य पूर्ण कराया जाएगा

### कल सीएम वितरित करेंगे सहायता राशि के चेक

कल गांव भटगांव स्थित धर्मार्थ गौशाला में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रदेशभर की गौशालाओं को सहायता राशि के चेक वितरित करेंगे तथा गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्यरत संगठनों को प्रोत्साहित करते हुए समाज में गौ सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश देंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करने हेतु एसडीएम गोहाना सुभाष चंद्र ने डीसीपी कुशल सिंह के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान मंच निर्माण, वीआईपी बैठने की व्यवस्था, आमजन के लिए पंडाल, पेयजल, शौचालय, बिजली आपूर्ति, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल, चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन किया।

## खबर संक्षेप



भाजपा युवा नेता पुनीत राई होली मिलन समारोह में होली का संदेश देते हुए।

### होली मिलजुलकर रहने की प्रेरणा देती : पुनीत

राई। राई में रंगों के पर्व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला व पुरुषों ने उत्साह से भाग लिय। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता पुनीत राई ने शिरकत की। पुनीत राई ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से लोगों को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। पुनीत राई ने कहा कि होली हमें सभी भेदभाव भूलकर मिलजुलकर रहने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर सभी से समाज में सौहार्द और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि हमें त्योहारों की इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नई पीढ़ी को भी सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना चाहिए। इस अवसर पर राकेश त्यागी, राकेश कौशिक, प्रवेश शर्मा, सुरेश त्यागी, कर्मवीर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।



गोहाना। कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाते हुए पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान।

### प्रदीप सांगवान ने लगाई कार्यकर्ताओं की ड्यूटी

गोहाना। रविवार को बरोदा हलका से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के जिला गोहाना के संयोजक प्रदीप सांगवान ने बरोदा और गोहाना विधानसभा में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई। प्रदीप सांगवान ने शहर जींद मार्ग मोड पर स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि ये प्रशिक्षण कार्यक्रम मंडल स्तर पर होंगे। इनमें कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। मार्च के महीने में यह महा अभियान पूर्ण हो जाएगा। इस मौके पर जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना एवं जितेन्द्र शर्मा, डॉ. रमेश कश्यप, सूरत सिंह, राजेश भावड़, सरपंच पवन शर्मा, डॉ. राममेहर राठी, सूरत सिंह, अशोक सेन, सरपंच इंद्रपाल व नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम में विधायक साथ में पूर्व मंत्री एवं पूर्व मेयर। फोटो :

### पूर्व कैबिनेट मंत्री ने खेली फूलों की होली

सोनीपत। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा कविता जैन व नगर निगम के निवर्तमान मेयर एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने रविवार को वृंदावन गार्डन कबीरपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन कर जिले वासियों को होली के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कविता जैन ने कहा कि होली के त्योहार पर हम अपने अंदर की बुराई को ख़त्म करने का संकल्प लें। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा कविता जैन व वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कार्यकर्ताओं को गुलाल का तिलक लगाकर राज्य की उन्नति की कामना की। कार्यकर्ताओं के साथ-साथ शहर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी पहुंच कर समारोह में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोनीपत से विधायक निखिल मदान, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के भाई माई राम कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज और मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा आदि उपस्थित रहे।



गन्नौर। वार्षिक उत्सव समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए ज्योति शिक्षा सदन के छात्र। फोटो : हरिभूमि

### नव ज्योति शिक्षा सदन में वार्षिक उत्सव मनाया

गन्नौर। गांव खुबडू भांवर स्थित नव ज्योति शिक्षा सदन में रविवार को वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यार्थियों ने हरियाणा एवं पंजाब की संस्कृति तथा सामाजिक विषयों पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने शिरकत की। कौशिक का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल के अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने स्वागत किया। पूर्व सांसद कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त आधारशिला है और ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक जागरूकता का विकास करते हैं। विशिष्ट अतिथि अरुण त्यागी ने शत्रु द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की शरण की। मुख्य वक्ता विंग कमांडर सतीश कालीरमन ने विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी।



गन्नौर। बुजुर्गों को सम्मानित करते महासभा के पदाधिकारी व जेजेपी जिला अध्यक्ष सियानंद त्यागी, बार प्रधान गौरव। फोटो : हरिभूमि

### होली मिलन समारोह में बुजुर्गों का किया सम्मान

गन्नौर। त्यागी ब्राह्मण महासभा गन्नौर के तत्वावधान में गढ़ी केसरी स्थित परशुराम भवन मंदिर में भव्य होली मिलन एवं बुजुर्ग अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम हवन-पूजन के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम में जेजेपी जिला अध्यक्ष सियानंद त्यागी, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, प्रिंस वशिष्ठ, जोगेंद्र शर्मा, अंकित मल्हौत्रा, गन्नौर बार प्रधान गौरव त्यागी, कविता शर्मा ने शिरकत कर समाज की एकजुटता पर बल दिया। जबकि अध्यक्षता बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी ने की। महासभा के प्रधान महाबीर सिंह शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर समाज के उन बुजुर्गों का विशेष सम्मान किया गया, जिन्होंने 90 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। जेजेपी जिला अध्यक्ष सियानंद त्यागी ने कहा कि बुजुर्ग समाज की धरोहर हैं और उनके अनुभव से युवा पीढ़ी को दिशा मिलती है।

### 1100 पौधों के रोपण के साथ पौध रोपण अभियान शुरू

खरखौदा। के.डी. इंटरनेशनल स्कूल, खरखौदा में विराट वृक्षारोपण महाअभियान 2026 के अंतर्गत विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में 1100 पौधों का रोपण किया गया। क्षेत्रीय विधायक पवन खरखौदा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत सत्कार से हुआ। विद्यालय के चेयरमैन भूपेंद्र दहिया ने सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय प्रधानाचार्या तृप्ति सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 1100 पौधों का यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विद्यालय का एक ऐतिहासिक कदम है।



पौधरोपण करते विधायक पवन खरखौदा व स्कूल चेयरमैन भूपेंद्र दहिया।